दैनिक जागरण

पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम करने के लिए एआई की जरूरतः चतुर्वेदी

मुंबई | स्पेशियलिटी फिल्म्स एंड फ्लेक्सिबल पैकेजिंग ग्लोबल समिट 2023 में यूफ्लेक्स ग्रुप के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने पर्यावरण पर दुष्प्रभाव कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और एंजाइमेटिक प्रोसेसिंग जैसी टेक्नोलॉजी का फ्लेक्सिबल पैकेजिंग के क्षेत्र में उपयोग करने की जरूरत बताई है। समिट में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि 1960 के दशक में केमिकल कंपनियों ने नारा दिया था कि पर्यावरण को बचाना चाहते हैं तो प्लास्टिक का उपयोग करें। उस समय इसकी उत्पादन क्षमता 1,500 टन सालाना थी, जो अब 10 लाख टन हो गई है। मोनो मेटेरियल पैकेजिंग की तुलना में एमएलपी मजबूत रिसाइकिलिंग व्यवस्था एवं बायो एंजाइम टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर इस उद्योग को विकास के नए चरण में ले जाएगी।